BEFORE THE HON'BLE NATIONAL GREEN TRIBUNAL
PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI
MA No. 123 of 2024 in
Original Application No. 281 of 2024
Kishore Bahuguna V. State of Uttarakhand

INDEX


| S.No. | Particulars | Pages |
|---|---|---|
| 1. | State Report on behalf of the Uttarakhand Pollution Control Board | |
| 2. | Annexure 01<br>Copies of the Photograph | |
| 3. | Annexure 02<br>Copies of the Photograph | |
| 4. | Annexure 03<br>Copies of the Photograph | |
| 5. | Annexure 04<br>Copies of the Photograph | |
| 6. | Annexure 05<br>A copy of the affidavit dated 09.06.2025 | |


Filed by


KAMAL KUMAR PANDEY
ADVOCATE FOR RESPONDENT
Nagar Palika Parishad, Pauri
Ch. No.50, Old Block
Supreme Court of India
New Delhi-110001
(M) 9312079439


New Delhi
Dated: 16.02.2026

# IN THE HON'BLE NATIONAL GREEN TRIBUNAL PRINCIPAL BENCH NEW DELHI

## M.A. NO. 123 OF 2024

## in

## O.A.No. 281 of 2024

## Kihore Bahuguna Vs. State of Uttarakhand

# STATUS REPORT

| क0 | अनुपालन किये जाने हेतु सन्दर्भ | अद्यतित अनुपालन विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Application and photograph of the complainant | शिकायतकर्ता से फोटोग्राफ प्राप्त हो गये हैं, जो कि वर्तमान ट्रेचिंग ग्राउंड के है। फोटोग्राफ में दिखाई दे रहे गारबेज का निस्तारण निम्न प्रकार किया गया है। |
| 2 | Door-to-door garbage collection and its arrangement | नगर के सभी 11 वार्डों के फ्रैश गारबेज के एकत्रीकरण के लिये एक प्राईवेट एजेन्सी को अनुबन्धित किया गया है। अनुबन्धित एजेन्सी के द्वारा मुख्य मार्गों पर 04 वाहनों से जिसमें जागरूकता के जिंगल भी बजाये जाते हैं कूड़ा एकत्र किया जाता है **(वाहनों के माध्यम से कूड़ा एकत्रीकरण करने के फोटोग्राफ संलग्न)** |
| 3 | Arrangement of door-to-door garbage collection on footpaths of Pauri city | इस पर्वतीय क्षेत्र की पालिका के पगडण्डी मार्गों पर महिला कार्मिकों के माध्यम से कूड़ा एकत्र किया जाता है। **(महिला कार्मिकों के द्वारा कूड़ा एकत्रीकरण करने के फोटोग्राफ संलग्न)** |
| 4 | Street Garbage Collection and Segregation | पालिका के कार्मिकों के द्वारा स्ट्रीट सफाई से कूड़ा एकत्रीकरण के स्थलों पर भी गारबेज सैग्रीगेशन किया जा रहा है। |
| 5 | Dry garbage compaction | ट्रेचिंग ग्राउण्ड तथा अस्थायी कूड़ा स्थलों से जो ड्राई गार्बेज निकाला जाता है उसको कम्पैक्टर किया जाने लगा है। |
| 6 | Arrangement for making Silly from dry garbage | ट्रेचिंग ग्राउण्ड तथा अस्थायी कूड़ा स्थलों से जो ड्राई गारबेज निकाला जाता है उसको कम्पैक्टर करने तथा विक्रय किये जाने हेतु एक कम्पनी को हायर किया गया है। इसके काफी अच्छे परिणाम सामने आये हैं। इस व्यवस्था के कायम होने से एक तो ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर काफी कम मात्रा मे गारबेज जा रहा है द्वितीय पालिका का काफी मात्रा में गारबेज शहर से बाहर रिसाईकिलिंग के लिये भेजा जाने लगा है। |
| 7 | Dry Garbage Silly Selling | पालिका द्वारा हायर की गयी ऐजेन्सी के द्वारा माह दिसम्बर 2024 से वर्तमान 2026 तक कुल **रू0 5,62,200/-** का ड्राई गारबेज विक्रय किया गया है। इस प्रकार 35520 कि0ग्रा0 ड्राई गार्बेज ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर न जाकर शहर से बाहर रिसाईकिलिंग के लिये ले जाया गया। वर्तमान में भी ड्राई गारबेज विक्रय का कार्य गतिमान है। |
| 8 | cleaning of trenching ground | ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर एजेन्सी को हर समय मुस्तैद रहने के साथ-साथ साफ-सफाई के निर्देश दिये गये है तथा कीटनाशक का छिड़काव लगातार कराया जा रहा है। साथ ही सी.सी.टी.वी. के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। **(फोटोग्राफ संलग्न)** |
| 09 | | लीगेसी वेस्ट निस्तारण के सम्बन्ध मे सादर अवगत कराना है कि नगर |

| | | |
|---|---|---|
| | Legacy Waste | पालिका परिषद पौड़ी क्षेत्रान्तर्गत 7636 मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु रू0 95.05 लाख की डी०पी०आर० स्वीकृति हेतु शहरी विकास निदेशालय को प्रेषित की गयी। निदेशालय/शासन से प्राप्त आपत्तियों का निराकरण कर जनपदीय तकनीकी समिति से अनुमोदन कराकर संशोधित राशि रू0 67.38 लाख की डी0पी0आर0 अन्तिम रूप से निदेशालय को प्रेषित की गयी।<br>महोदय, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय पत्र संख्या–354254/iv–3/2025–12(11 SWM)/2025 दिनांक 18.12.2020 के क्रम में शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के लिये शहरी विकास निदेशालय उत्तराखण्ड़ के स्तर पर गठित Ring Fenced Account (Non Lapsable) में रक्षित धनराशि से नगर पालिका परिषद पौड़ी के लीगेसी वेस्ट निस्तारण व प्रंसस्करण हेतु वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 67.38 लाख के सापेक्ष रू0 40.42 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। **नगर पालिका परिषद पौड़ी क्षेत्रान्तर्गत लिगेसी वेस्ट के निस्तारण व प्रसंस्करण कार्य हेतु ई–निविदा की प्रक्रिया गतिमान है।** |
| 10 | Old Matter But at Present All Issue Resolve | यह कि यह वाद दिनांक 17.09.2023 को मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में श्री किशोर बहुगुणा निवासी तिमली गॉव, पौडी के द्वारा योजित कराया गया है उस समय पालिका में श्री गौरव भसीन, अधिशासी अधिकारी पद पर तैनात थे। पालिका द्वारा तत्कालीन अधिशासी अधिकारी श्री गौरव भसीन के हस्ताक्षरित आख्या पत्र सं0 503/न0पा0प0/2024–25/पौड़ी दिनांक 24 अगस्त 2024 के द्वारा तथा इस कार्यालय के पत्र सं0 994/NGT-SWM/2024–25 /दिनांक 13 दिसम्बर 2024, पत्र सं0 1078/न0 पा0प0/पौड़ी दिनांक 03 जनवरी 2025 तथा पत्र सं0 127/NGT 281-024/2025–26 दिनांक 19 अप्रैल 2025 के द्वारा अनुपालन आख्या भेजी गयी है। |
| 11 | Disposal System & Garbage Minimization | ट्रेचिंग ग्राउण्ड में कम से कम कूडा जाये, इसके लिये गीले कूडे जैसे सब्जियों आदि के लिये एक पृथक से सब्जी– एकत्रीकरण– वाहन शाम की शिफ्ट में चलाया जा रहा है और इसे पालिका के गौशाला में ले जाया जाता है इसके अच्छे परिणाम यह आये है कि अब इस प्रकार का वेस्ट नालियॉ आदि में नहीं जा रहा है। |
| 12 | Awairness | पालिका द्वारा प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करें, जिंगल द्वारा जागरूकता के साथ–साथ चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। पालिका द्वारा समय–समय पर टीम गठित कर क्षेत्र के गारबेज वल्ननरेबल प्वाईन्ट (GVP) चिन्हित कर विशेष सफाई अभियान संचालित किये जाते हैं एवं शैक्षिक संस्थानों व आम नागरिकों को भी स्वच्छता अभियान में शामिल करते हुए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। **(फोटोग्राफ संलग्न)** |
| 13 | SWM 2016 Rules | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 2016 के नियम 298 के अनुपालन मे पालिका द्वारा 05 मई 2016 को नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन एवं हथालन) उपविधि का शासकीय गजट मे प्रकाशन कराया गया है। |
| 14 | Anual Report To Uttarakhand Pollution Control Board, Dehradun | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 2016 के नियम 17(2) के अनुपालन मे पालिका द्वारा प्रत्येक वर्ष राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड उत्तराखण्ड, देहरादून को पालिका की SWM की वार्षिक रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप मे दाखिल की जाती है। |
| 15 | Land allocation and disputes for solid waste management activities & Garbage disposal on cluster basis | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 01.11.2025 को वन पंचायत बैंज्वाडी में सरपंच वन पंचायत ग्राम बैन्ज्वाड़ी के साथ एक बैठक आहूत की गयी थी, जिसमें राजस्व विभाग वन विभाग एवं नगर पालिका के प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिसमें चर्चा के पश्चात सरपंच बैंज्वाड़ी द्वारा एक पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें नगर पालिका पौड़ी को ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं निर्माण एवं विध्वंश प्रबन्धन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के सम्बन्ध में अपनी असहमती जताई गयी है। नगर पालिका परिषद पौड़ी द्वारा SWM हेतु भूमि चयन की प्रकिया गतिमान है। |
| 16 | Swach Bharat Mission All India Ranking | पालिका पौडी के SWM में किये गये प्रयासों के तहत आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन 2024 मे दिनांक 17 जुलाई 2025 को घोषित परिणाम के तहत इस शहर की All India Ranking विगत वर्ष की रैकिंग 3252 से सुधार कर 1281 आयी है। |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | Sending of compliance reports from time to time | मा0 न्यायाधिकरण के प्रकरण मे पूर्व मे किये गये अन्तरिम आदेशों के कम में गठित समिति द्वारा प्रथम बार दिनांक 20.09.2024 को तथा द्वितीय बार दिनांक 03.01.2025 को स्थलीय जॉच आख्या दी गयी है और वह रिपॉर्ट जिलाधिकारी के पत्र कमांक 402/21–प्रशा0अधि0(स्था0नि0)/2024 दिनांक 23 सितम्बर 2024 एवं पत्र कमांक 321/21–प्रशा0 अधि0(स्था0नि0) /2024–25 दिनांक 08 जनवरी 2025 के द्वारा मा0 न्यायाधिकरण को प्रेषित की गयी है। ट्रेचिंग ग्राउड की मौका स्थल पर जॉच उ0 रा प्रदू0 नियन्त्रण बोर्ड उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा भी की गयी है जिसे अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पौडी की आख्या के साथ पूर्व मे ही भेजा गया है। |
| 18 | satisfaction of the complainant | शिकायतकर्ता द्वारा एक शपथपत्र भी मा0 न्याधिकरण नई दिल्ली तथा जिला मजिस्ट्रेट पौडी को भेजा गया, जिसे जिलाधिकारी पौडी द्वारा अपने पत्र कमांक 504/21–प्रशा0अधि0(स्था0नि0)/2024–25 दिनांक 09 जून 2025 के द्वारा मा0 न्यायाधिकरण नई दिल्ली को भेजा गया है। **(साक्ष्य संलग्न)** |

इस प्रकार मा0 एन0जी0टी0 द्वारा पूर्व मे किये गये अन्तरिम आदेशों से पालिका को ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के कार्यों को कराने के लिये जो मार्गदर्शन मिला है उससे पत्रावलियों पर सभी स्तरों पर निर्णय/स्वीकृति करने में तेजी आयी और पुरानी कम्पैक्टर मशीन को उपयोग में लाकर ड्राई गारबेज से सिल्लियॉ बनवाये जाने का अनुबन्ध करने का निर्णय/स्वीकृति, उत्तराखण्ड शासन को लीगेसी वेस्ट की डी0पी0आर0 का प्रेषण करना तथा निदेशालय द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये परीक्षण उपरान्त धनावंटन के लिये शासन को भेजना, ट्रेचिंग ग्राउंड के आस–पास तथा अन्य कूडे स्थलों के पास सी0सी0टी0वी0 कैमरों की स्थापना करना, चालानी कार्यवाही करना, रिपोर्टिंग अवधि तक रू0 5,62,200/– का ड्राई गारबेज का विकय, सब्जी/फल विकेताओ के सब्जिया–फल फूट आदि गीले कूडे को एक विशेष वाहन के माध्यम से पालिका के गौवंश मे ले जाना आदि कार्य हुये हैं। इसी कियाकलापों के आधार पर माह अप्रैल–मई 2025 में भारत सरकार की सर्वेक्षण टीम के फील्ड सर्वेक्षण तथा Direct Obsevation के आधार पर All India Ranking मे जबरदस्त सुधार करते हुये विगत वर्ष की AIR 3252 के स्थान पर वर्ष 2024 की AIR 1281 आयी है। जिसकी घोषणा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 जुलाई 2025 को की गयी है। यह सभी कार्य मा0 NGT के निर्देशों, जिला प्रशासन की मॉनिटिरिंग तथा पालिका टीम के संयुक्त प्रयासों से संभव हुआ है।

यहां पर यह भी अनुरोध करना है कि मा0 न्यायाधिकरण द्वारा अपने पूर्व आदेश दिनांक 05 दिसम्बर 2024 के बिन्दु न0 2(7) में आवेदन का निस्तारित कर दिया गया था। नगर पालिका परिषद पौडी के अधिशासी अधिकारी जो कि समिति के सदस्य भी नामित थे, उनके हस्ताक्षरित रिर्पोट उपरोक्तानुसार दोनों बार तथा पालिका के विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रत्युत्तर के साथ भी दाखिल की गयी है।

अतः महोदय उपरोक्त अद्यतन रिपोर्ट सेवा में सादर प्रेषित है। आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त आवेदन अंतिम रूप से निस्तारित करने की कृपा कीजिएगा।

भवदीय

**संलग्नकः–** यथोक्त।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद–पौडी
(पौडी गढवाल)

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ प्रेषित।**

1– जिलाधिकारी महोदय गढ़वाल।
2– सम्मानित अधिवक्ता, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद–पौडी


GPS Map Camera
Google
Bayal Gaon, Uttarakhand, India
प्रेमनगर, 4qmr+8g3, Bayal Gaon, Uttarakhand 246001, India
Lat 30.133319° Long 78.7913°
Friday, 06/02/2026 08:49 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Pauri, Uttarakhand, India
Near Indian Petrol Pump, Road, 4qmr+cg4, Pauri, Uttarakhand 246001, India
Lat 30.133467° Long 78.791232°
Friday, 06/02/2026 08:47 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Bayal Gaon, Uttarakhand, India
4qmr+fcv, Bayal Gaon, Uttarakhand 246001, India
Lat 30.133782° Long 78.791126°
Friday, 06/02/2026 08:46 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Bayal Gaon, Uttarakhand, India
4qpq+2wh, Bayal Gaon, Uttarakhand 246001, India
Lat 30.134672° Long 78.790432°
Friday, 06/02/2026 08:45 AM GMT +05:30



11 Feb 2026 8:20:19 am
kotdwar Road
Pauri



11 Feb 2026 8:20:19 am
kotdwar Road


11 Feb 2026 8:15:44 am
Kotdwar road



11 Feb 2026 8:21:20 am
Kotdwar Road








श्रीनगर रोड तिमली पौड़ी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में लगाये गये सी0सी0 टी0वी0 कैमरों के स्कीन छायाचित्र







# नगर पालिका ने कूड़ा बेचकर कमाए दो लाख

पौड़ी में प्लास्टिक कूड़े के ब्लॉक बनाता पालिका का पर्यावरण मित्र। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

पौड़ी। जिला मुख्यालय पौड़ी में कूड़ा निस्तारण की योजना अब रंग लाती दिखाई दे रही है।

शहर के विभिन्न वार्डों से जमा कूड़े का पालिका ने रिसाइकिल करना शुरू कर दिया है, जिससे पालिका ने बीते चार महीने में दो लाख से अधिक की आमदनी कर ली है।

पालिका के अधिशासी अधिकारी शांति प्रसाद जोशी ने बताया कि शहर की सफाई को लेकर पर्यावरण मित्रों को नियमित रूप से कूड़ा उठान के निर्देश दिए गए हैं। पौड़ी नगर क्षेत्र से

**जिला मुख्यालय पौड़ी में कूड़ा निस्तारण की योजना अब रंग लाती दिखाई दे रही**


हर दिन करीब 15 टन कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है। तिमली रोड पर कूड़ा सूखा और गीला कूड़ा अलग करने के बाद उनके ब्लॉक तैयार किए जा रहे हैं।

बीते चार माह में पालिका ने करीब 2400 किलो कूड़ा रिसाइकिल के लिए, हरिद्वार स्थित प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकृत वेंडर को बेचा है। इससे पालिका ने दो लाख से अधिक की आमदनी जुटाई है।




कम्पैक्टर मशीन से ड्राई गार्बेज की सिल्लियां बनाये जाने से सम्बन्धित फोटोग्राफ




















# स्वच्छता अभियान से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स

IN-UK92527600041459X

**INDIA NON JUDICIAL**

## Government of Uttarakhand

सत्यमेव जयते

₹100

**e-Stamp**

| | | |
|---|---|---|
| **Certificate No.** | : | IN-UK92527600041459X |
| Certificate Issued Date | : | 17-May-2025 04:08 PM |
| Account Reference | : | CSCACC (GV)/ ukcsceg07/ UK-PGKUL0011/ UK-PG |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UKUKCSCEG0792457514114122X |
| Purchased by | : | KISHOR BAHUGUNA |
| Description of Document | : | Article 4 Affidavit |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | 0 (Zero) |
| First Party | : | KISHOR BAHUGUNA |
| Second Party | : | NGT NEW DELHI |
| Stamp Duty Paid By | : | KISHOR BAHUGUNA |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 100 (One Hundred only) |

सत्यमेव जयते

NOTARIAL NOTARIAL

₹100

IN-UK92527600041459X

Please write or type below this line

सेवा में,

मा0 एन0जी0टी0
नई दिल्ली।

महोदय,

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे द्वारा पालिका पौडी का श्रीनगर रोड स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड का भ्रमण किया गया है। मेरे द्वारा दिनांक 17.09.2023 को यहाँ व्याप्त अव्यवस्थाओं के सम्बध मे शिकायत की गयी थी। उस समय श्री गौरव भसीन अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौडी में कार्यरत थे। उनके द्वारा व्यवस्थाओं को ठीक कराने का आश्वासन किया गया था। परन्तु कार्यवाही नगण्य थी।

Statutory Alert:

पालिका में नये अधिशासी अधिकारी के आने एवं जिलाधिकारी महोदय पौडी की सख्त मॉनिटिरिंग के कारण उक्त स्थल पर काफी कार्य हुये है, और परिवर्तन आया है। कूडा आना कम हुआ है, कूडा मुख्य सडक से न डाल कर पहाड़ काट कर बनायी सडक पर छंटाई की जा रही है। पालिका की अधिकृत कम्पनी द्वारा वहॉ पर जे0सी0बी0 चलाकर नियन्त्रण किया जा रहा है तथा कूड़े की छंटाई भी की जा रही है। कीटनाशक तथा चूने का छिडकाव भी देखा गया है। कूडा खाई मे न जाये इसके लिये दीवार का कार्य भी होता हुआ पाया गया है। बाकी गेट, टिन चारदीवारी के लिये भी अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पौडी के द्वारा आश्वासन दिया गया है। इन सभी के लिये मा0 एन0जी0टी0 को बहुत–बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं।

अतः मेरी शिकायत का उपरोक्त स्थिति तक निस्तारण हो गया है।

सादर प्रेषित

किशोर

(किशोर बहुगुणा)
ग्राम तिमली, पट्टी नान्दलस्यूं
तहसील पौडी
जिला पौडी गढवाल।

सूचना प्रेषित–
1:– जिलाधिकारी महोदय पौडी गढवाल।
2:– अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पौडी।

GOVT. OF UTTARAKHAND
V.P.S. Negi
Public Notary
Pauri Garhwal
Regd No 07/09/03
Pauri Garhwal

ATTESTED
Vijay Pal Singh Negi
Public Notary
Pauri Garhwal (U.A.)

किशोर
(किशोर बहुगुणा)